# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 27.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **कोयला राज्य मंत्री ने धनबाद में कहा– भू–धंसान प्रभावितों की सुरक्षा और बेहतर पुनर्वास प्राथमिकता, बीसीसीएल, झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार और जिला प्रशासन के साथ आज बैठक।**
2. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची से की स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं अभियान की शुरुआत, लोकल फॉर वोकल पर दिया जोर।**
3. **रिम्स टू और सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने–सामने, आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।**
4. **धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में आज आयेगा अदालत का फैसला, कोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, कई स्थानों पर निषेधाज्ञा।**
5. **रांची समेत राज्यभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा गणेशोत्सव, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं।**

****************

कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज धनबाद में बीसीसीएल, झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ झरिया मास्टर प्लान पर बैठक कर रहे हैं। इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भू–धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रह रहे लोगों की सुरक्षा और बेहतर पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता है।

****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची से राज्यव्यापी अभियान स्वदेशी अपनाएं–आत्मनिर्भर भारत बनाएं की शुरुआत की। इस अभियान के तहत श्री सेठ ने मेन रोड स्थित काली मंदिर से हरमू रोड तक पैदल मार्च किया। इस दौरान वे प्रतिष्ठानों में गये और व्यवसाइयों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग दोहरायी है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के खिलाफ कई मामले दर्ज होते हैं लेकिन इससे वे अपराधी नहीं हो जाते।

इस बीच झामुमो सांसद विजय हांसदा ने आरोप लगाया है कि भाजपा एक अपराधी को मसीहा बनाने का प्रयास कर रही है।

****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि रांची के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स टू अब शिबू सोरेन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के नाम से जाना जायेगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ वार्ता के बाद यह फैसला लिया गया है।

****************

इस बीच हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने रांची में प्रस्तावित रिम्स–2 को हजारीबाग में स्थापित करने की मांग की है। इस सिलसिले में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। श्री जायसवाल का कहना है कि रांची की तुलना में हजारीबाग इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए अधिक उपयुक्त है।

***************

धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में आज अदालत अपना फैसला सुनायेगी। फैसले के बाद आपसी टकराव की आशंका को देखते हुए कोर्ट के बाहर और रणधीर वर्मा चौक से डीआरएम चौक तक धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। इसके अलावा कोर्ट के बाहर और भीतर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं।

***************

1992 बैच के वरिष्ठ भारतीय सूचना सेवा अधिकारी विवेक कुमार गौर का आज सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे। वी के गौर वर्तमान में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में कार्यरत थे। उन्होंने गंगटोक स्थित क्षेत्रीय समाचार इकाई से अपने करियर की शुरुआत की और पत्र सूचना कार्यालय तथा क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

***************

बोकारो जिले में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं

***************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 22 हजार रुपये प्रति किलो है।

***************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है।

पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर भव्य पंडाल बनाए गये हैं और भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, कोडरमा और गिरिडीह जैसे शहरों में गणेशोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

***************

उधर, पाकुड़ जिले में गणेश चतुर्दशी धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर कई स्थानों से कलश यात्रा भी निकाली जा रही है। गणेशोत्सव के मौके पर पूजा समितियों द्वारा अगले तीन दिनों तक भक्ति जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांडिया का आयोजन भी किया जायेगा।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह त्यौहार बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कामना की कि यह पवित्र अवसर सभी के जीवन को श्रद्धा और आस्था से भरेगा और शुभ संदेश लेकर आएगा। इधर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को गणेशोत्सव की शुभकामनाएं दी हैं।

*****समाप्त*****